an>

Title: Need to expedite the construction work from Kalli crossing to Khairabad G.T. Road in Misrikh Parliamentary Constituency of Uttar Pradesh.

श्रीमती अंजू बाला (मिश्रिख) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री, भारत सरकार का ध्यान अपने निर्वाचन क्षेत्र मिश्रिख के विधान सभा क्षेत्र मिश्रिख की ओर ले जाना चाहती हूं। यहां पर कल्ली चौराहा से खैराबाद जी.टी. रोड तक प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत विगत दो वÂर्षों से सड़क निर्माण का कार्य चल रहा है, जो मानक के अनुरूप नहीं है। वहां मानकों की बिल्कुल अनदेखी हो रही है।

उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन के ध्यान में यह बात लाना चाहती हूं कि प्रधान मंत्री सड़क योजना के तहत भारत सरकार से पैसा आता है, लेकिन उस पैसे का दुरुपयोग हो रहा है। मेरा आपके माध्यम से निवेदन है कि ऐसी सड़कों की निगरानी के लिए एक समिति बनायी जाये और जो लोग ऐसा कार्य कर रहे हैं, उन पर कार्रवाई हो। धन्यवाद।

HON. DEPUTY SPEAKER: Shrimati Neelam Sonker, Shrimati Veena Devi and Kunwar Pushpendra Singh Chandel are permitted to associate with the issue raised by Shrimati Anju Bala.